तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 4 जुलाई 2024








## खबर संक्षेप



### एनटीपीसी लारा में व्यापक पौधरोपण

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने घुघुवा गांव मे पौधरोपण अभियान शुरू किया। यह पहल, एनटीपीसी लारा की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है। एनटीपीसी लारा का यह कदम क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध बनाने और हरित भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। घुघुवा गांव में एनटीपीसी लारा ने राज्य वन विकास निगम के द्वारा 11000 पौधो का पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा इस वर्ष एनटीपीसी लारा ने सेमीभवर गाँव मे 11000, झिलगितर गाँव मे 6500 एवं बासनपाली प्राथमिक विद्यालय मे 1800 पौधे लगाने का भी लक्ष्य रखा है। समारोह की शुरुआत पौधरोपण से हुई, जहां एनटीपीसी लारा के कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार ने स्वयं वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत करने की साथ घुघुवा गाँव की सरपंच श्रीमति सरस्वती डनसेना ने भी पौधरोपण किया। वहाँ छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के मण्डल प्रबन्धक रायगढ़ सुनील कुमार, सेमीभवर गांव के सरपंच नरसिंह चौहान, एनटीपीसी लारा के अपर महाप्रबंधक जोयसूर्या रॉय चौधरी तकनीकी सेवा, अपर महाप्रबंधक सुधीर दहिया पर्यावरण प्रबंधन भी उपस्थित थे और इन सभी की उपस्थिती मे यह कार्यक्रम सफल हुआ। जैसा कि एनटीपीसी लारा इस हरित दृष्टिकोण को अपनाता है, हम सभी भी एक समृद्ध वातावरण विकसित कर सकते हैं जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और आने वाले वर्षों के लिए हमारी प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करता है।

### जनसमस्या निवारण शिविर 11 से

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले में ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर माह जुलाई से दिसम्बर तक होगा। यह शिविर 11 जुलाई से शुरू होगा जो आगामी 27 दिसम्बर तक चलेगा। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी विभाग प्रमुखों को शिविर में शासन के निर्देशानुसार अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाने हेतु निर्देशित किया है। जिससे ग्रामीणजन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर श्री गोयल ने समस्त एसडीएम एवं सीईओ जनपदों को अपने क्षेत्र अंतर्गत शिविरों के आयोजन व आवेदन पत्र देने की प्रक्रिया का व्यापक प्रचार.प्रसार करने के निर्देश दिए है। सभी जनपद सीईओ अपने अधीनस्थ ग्राम पंचायतों को सूचित करेंगे कि वे ग्रामीण जनता के आवेदन पत्रों को नियत तिथि तक प्राप्त कर उनके कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पंजीकरण कर संबंधित विभाग को निराकरण हेतु भेजेंगे।

## धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में दर्ज की गई हाथियों की मौजूदगी

# हाथी ने ढहाया कन्या छात्रावास का अहाता मकान व बगीचे को भी पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान समय में पहले की अपेक्षा हाथियों की मौजूदगी कम संख्या में दर्ज की गई है। डिविजन क्षेत्र में फिलहाल कुल 62 हाथी अलग अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। इन सब के बीच वर्तमान समय में मकान क्षति के मामले अधिक सामने आ रहे हैं।

हाल ही में लैलूंगा इलाके में हाथियों से ग्रामीण के घरों को नुकसान पहुंचाए जाने के मामले विभागीय रिपोर्ट में दर्ज किए गए थे। अब फिर से लैलूंगा इलाके में एक ग्रामीण के मकान सहित बगीचा एवं फलदार वृक्षों को हाथियों से क्षति पहुंची है। लैलूंगा क्षेत्र के खुसरमुड़ा नामक इलाक़े में यह वाकया सामने आया है। उधर वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले



हाथी द्वारा ढहाई गई अहाते की दीवार।

छाल रेंज में भी हाथियों ने गर्ल्स हॉस्टल के अहाता दीवाल को ढहा दिया है। गेरवानी की ओर से छाल रेंज में आए हाथियों के मूवमेंट के दौरान पुरुंगा एरिया में स्थानीय गर्ल्स हॉस्टल के बाउंड्री वॉल के हिस्से को क्षति पहुंची है। फिलहाल छाल वन परिक्षेत्र अंतर्गत कुड़ेकेला जंगल में 17, कापू रेंज के पुसाऊडेरा इलाक़े में 11 और लैलूंगा इलाके के तिलाईदरहा जंगल में 17 हाथियों का बड़ा समूह मौजूद है। वहीं प्रभावित इलाकों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागीय उपाय अपनाए जा रहे हैं।

### विधानसभा सत्र के लिए एडीएम नोडल नियुक्त

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधान सभा का तृतीय सत्र 22 जुलाई से 26 जुलाई तक आहूत की गई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले तारांकित अतारांकित विधानसभा प्रश्नों, स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कराकर शासन को उपलब्ध कराने हेतु एडीएम संतन देवी जांगड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सुश्री जांगड़े का मोबा न. 94241.58990 एवं कार्यालय का दूरभाष नंबर 07762-222132 एवं फैक्स नंबर 07762-222291 है। कलेक्टर गोयल द्वारा जारी आदेश में विधानसभा सत्र के दौरान पत्राचार जानकारी निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के समस्त विभागों में पदस्थध्कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे।



## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस से अनजान

# शहर की मंडियों, बाजारों में नहीं दिखा कोई रोकने-टोकने वाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से लेकर हर तरह का पॉलीथिन दैनिक दिनचर्या में धड़ल्ले से काम लिया जा रहा है। शहर समेत पूरे जिले में लोग अब भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कम हैं और इसका सबसे बड़ा असर पर्यावरण पर पड़ रहा है। शहर में प्लास्टिक कैरी बैग की धड़ल्ले से खपत हो रही है।

अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस से एक दिन पहले मंगलवार को शहर के प्रमुख बाजार सहित मंडियों में पड़ताल में पता चला कि जिला प्रशासन, नगर निगम, पर्यावरण संरक्षण मंडल की अनदेखी के कारण यहां पॉलीथिन को काम में लिया जा रहा है। प्लास्टिक के नुकसान को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक जुलाईए 2022 को सिंगल यूज प्लास्टिक की सामग्रियों पर प्रतिबंध लगाया था। इसमें एकल प्रयोग वाली वस्तुएं जैसे ईयरबड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडियां, झंडे, कैंडी स्टिकए प्लेटेंए कपए थर्माकॉल के सजावटी सामान, गिलास, स्ट्रॉ, चम्मच, ट्रे, बोतल, कटलरी आइटम्स, मिठाई के डिब्बों व निमंत्रण पत्र को पैक करने वाली फिल्मए 100 माइक्रोन से कम मोटाई की प्लास्टिक शामिल हैं। इधर राजस्थान में वर्ष 2010 से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है। नगर निगम ने बीते दो साल में अब तक कुल 1,908 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर करीब 10 लाख रुपए कैरिंग चार्ज वसूल किया है। वहीं हैरिटेज निगम ने अब तक कुल 6,086 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर कैरिंग चार्ज वसूला है।

# रायगढ़ एप्रोच रोड की हुई मरम्मत अब आवागमन होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

तहसील मुख्यालय पुसौर के बोरोडिपा स्थित पेट्रोल पंप के बगल से गई रायगढ रोड के मुहाने की भूमि पिछले कई सालों से विवादित होने से उक्त स्थल में स्थाई रोड का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जिससे आए दिन जहां अवागमन बाधित हो रहा है वहीं इस रोड से गुजर रहे लोगों की दिनचर्या भी बदल जा रही है।

इस तथ्य को प्रमुखता से कई बार खबरों के माध्यम से उठाया गया था इसे खबरों का असर कहें या कि संयोग जिसमें कि बीते दिनांक को खबर छपने के तुरंत बाद संज्ञान में लिया जाकर रोड की अस्थाई मरम्मत की गई है जिसमें लोग अब आसानी से आना जाना कर रहे हैं। खबर में यह तथ्य साफ



साफ उल्लेख था कि क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री ओपी चौधरी के संज्ञान में आने से इसका स्थाई हल निकल सकता है। जिसमें इन्होनें संज्ञान में लेकर जहां उक्त रोड का मरम्मत करवाया वहीं राजस्व विभाग के आला अधिकारी एसडीएम प्रविण तिवारी, तहसीलदार नेहा उपाध्याय एवं नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा सहित क्षेत्र के हल्का पटवारी आकर उक्त विवादित रोड भुमि का मौका मुआयना किया है। ऐसे स्थिति में लोग अब काफी आशान्वित है कि रोड स्थाई रूप से बनेगा और कोई विवाद नहीं रहेगी।

### खेल पुरस्कारों के लिए ऑफलाइन आवेदन 10 तक

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाडिय़ों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को प्रदान किए जाते है। जिला कार्यालय संचालनालय में राज्य खेल संघों से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पूर्व में 30 जून थी। उक्त तिथि को बढ़ाते हुए अब 10 जुलाई 2024 कार्यालयीन समय तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को पृथक पृथक वर्षो के लिए अलग अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदकों के लिए पुरस्कार हेतु अलग अलग कई श्रेणी निर्धारित की गई है।

# किश्त लेकर पीएम आवास नहीं बनाने वाले 222 हितग्राहियों से होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास के मोर जमीन मोर आवास के 2016 से एक या ज्यादा किस्त लेने वाले 222 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया है। ऐसे सभी हितग्राही जिन्होंने योजना का किस्त ले लिया है और मकान नहीं बनाया उनपर अब नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बुधवार को समीक्षा बैठक ली।

सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान 2016 से 222 हितग्राहियों द्वारा किस्त लेकर मकान नहीं बनाने की जानकारी दी गई। इस पर कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने ऐसे हितग्राहियों को चिन्हांकित कर अंतिम अवसर देने के निर्देश दिए। अंतिम अवसर के बाद भी हितग्राहियों द्वारा मकान पूर्ण नहीं किया जाता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने की बात कही गई। इसी तरह भागीदारी में किफायती आवास आबंटन के लिए जल्द ही लॉटरी करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसके बाद स्वच्छ भारत मिशन की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। चर्चा के दौरान कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने स्वच्छ भारत मिशन टूल किट के अनुसार



गैप एनालिसिस करने और बेहतर अंक के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जरूरी कार्यों को शुरू करने जीवीपी एवं नेकी की दीवार का अपग्रेडेशन करनेए सभी चौक चौराहों का मरम्मत और सौंदर्यीकरण करने, नालियों में जाली लगाने आदि सभी काम जल्द से जल्द शुरू करने की बात कही। बैठक में योजना से संबंधित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने बुधवार की शाम निगम बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी स्ट्रीट लाइट समय पर चालू करने और समय पर बंद करने के निर्देश दिए। इसी तरह स्ट्रीट लाइट बंद होने की शिकायत मिलने पर त्वरित निराकरण करने निर्देशित किया गया।

# सारंगढ़ में जिला प्रशासन की साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों के प्रगति के संबंध में बुधवार को समय सीमा की बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम जनचौपाल, कलेक्टर जनदर्शनए जन शिकायत पीजीएन, पीजी पोर्टल ई.डिस्ट्रिक्ट आदि के ऑनलाइन आवेदनों के निराकरण की क्या स्थिति के बारे में अधिकारियों से चर्चा किए और पूर्ण हुए कार्यों के विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा। उन्होंने स्पष्ट जानकारी मांगा कि किस आवेदन में विभागीय अधिकारियों के द्वारा क्या कार्रवाई की गई है। उसका विवरण प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकांश जनदर्शन में आए आवेदनों का निराकरण किया जा सकता है। कलेक्टर ने भू.अर्जन के मामले में जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया कि कलेक्टर कार्यालय के शाखा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। श्रमिकों के राशन कार्ड शीघ्र बनाने के लिए खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे राशन दुकान जिन्होंने मई 2024 का राशि जमा नहीं किया उनके वसूली कराएं। कलेक्टर ने तहसीलदार रूपाली मेश्राम और खाद्य निरीक्षक को संबंधित के पास जाकर पीव्ही वसूली की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही खाद्य नागरिक आपूर्ति और सहकारिता विभाग के अधिकारियों से धान उठाव के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर धर्मेश साहू ने जिले के सभी नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले के तीनों ब्लॉक के सीईओ को निर्देशित किया।

### एनएसयूआई ने फूंका साय- शर्मा का पुतला

**सारंगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के निर्देश पर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में भारत माता चौक पर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस सम्बन्ध में जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि विगत दिवस पूर्व बस्तर निवासी 21 वर्षीय छात्र मंगल मुरिया को राजधानी रायपुर के कुछ आपराधिक तत्व के लोगों द्वारा सरेआम अपहरण कर पीट.पीट कर हत्या कर दिया गया। गंभीर घटना पर भाजपा सरकार की लचर कानून.व्यवस्था व अनुभवहीन गृहमंत्री के क्रियाकलाप से आये दिन राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में अपरहरण, हत्या व मॉब लिंचिंग जैसी गंभीर घटनाएं घट रही हैं। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम बाजपेयी ने सारंगढ़ में हुए दिनदहाड़े हत्या पर विरोध जताया।

# अनियंत्रित बाइक दीवार से टकराई, दो लोगों की मौके पर मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तेज रफ्तार बाइक घर की दीवार से जा टकराई। घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक व चार साल की बच्ची गंभीर रुप से घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ में भर्ती कराया गया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई की है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाज़ार जिले के कसडोल निवासी सुमित अपने एक मित्र के साथ अपने ससुराल पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम लगरा आया हुआ था। मंगलवार 2 जुलाई की दोपहर 1:30 वह कसडोल जाने के लिए निकला। बाइक में सुमित के अलावा उसका मित्र, साला रमा शंकर विश्वकर्मा और 4 साल की बेटी संध्या बैठी थी। वे अभी शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम धरदेई पहुंचे थे, तभी मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे घर के दीवार से जा टकराई। घटना में सुमित के दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुमित गंभीर रुप से घायल हो गया। इस बीच उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि उसके साले रमाशंकर के पैर में चोट आई है, वहीं मासूम संध्या के सिर में चोट आई है। दोनों घायलों का उपचार पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। दुसरे मृतक की पहचान फिल्हाल नहीं हो पाई है। पुलिस मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है।

# ट्रक में लोड 16 टन स्क्रैप के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ सट्टा, कबाड़ जैसी गतिविधियों पर मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है।



इसी क्रम में 1 जुलाई की रात्रि थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी को मुखबीर से मिली सूचना पर गस्त दौरान थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा घरघोडा बाईपास में ट्रक क्रमांक न्च 50. ब्ज.1731 में ट्रक के चालक को अवैध कबाड़ परिवहन करते पकड़ा गया है । वाहन चालक चन्द्रशेखर यादव पिता रामपलट यादव उम्र 55 वर्ष निवासी टैनी थाना पवईन जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश के पास कबाड़ परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं होने से विधिवत कार्रवाई करते हुए घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपित ट्रक चालक चन्द्रशेखर यादव के कब्जे से ट्रक में लोड़ लोहा, एंगल एवं अन्य लोहा के सामान वजनी करीब 16 टन स्कैप कीमती. 5 लाख 50 हजार का मयवाहन जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 35, क,ड 303, 2 के तहत कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई में थाना घरघोड़ा के सहायक उप निरीक्षक रामसजीवन वर्मा, आरक्षक राजेश राठौर, किशोर राठौर और चन्द्रशेखर चन्द्रकार शामिल थे।

## उर्दना में शाला प्रवेशोत्सव पर सम्मान समारोह

# देश के भविष्य के लिए बच्चों को अच्छी शिक्षा देना महत्वपूर्ण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मुख्य आतिथ्य में बुधवार को 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल उर्दना के आदर्श वंदना विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं एसपी दिव्यांग पटेल ने नन्हे नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया।

आयोजित शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है उन्हें हर प्रकार से अच्छी शिक्षा प्रदान करना आपकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जो भविष्य में देश के



विकास में अपना योगदान देकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहयोग करेंगे। शाला प्रवेश उत्सव हमारे लिए उतना ही महत्वपूर्ण है, जैसे एक मंदिर का कपाट खुलते हैंए यह भी शिक्षा का मंदिर है। उन्होंने परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप ने अपने जीवन में जो करना था, वह कर लिया एवं जो करेंगे वह कर भी सकते हैंए लेकिन आपके बुढ़ापे का भविष्य बच्चे हैं, जो उनकी शिक्षा पर निर्भर करता है। हम शिक्षा में आगे बढ़ सकते हैं, क्योंकि भारत जानता है कि शिक्षा का क्या महत्व है और शिक्षा का हर समाज में महत्व होता है। सेना के साथ देश का हर व्यक्ति, युवा देश को सुरक्षित और मजबूत करता है। जिसके योगदान से देश का विकास और अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। कलेक्टर श्री गोयल ने राष्ट्र की मजबूती के लिए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण.पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में एसपी दिव्यांग पटेल ने कहा कि मैं स्वयं बहुत सारे बटालियन से जुड़ा रहा, लेकिन 6 वीं बटालियन के द्वारा जिस प्रकार से नियमित कार्यक्रम किए जा रहे हैए यह सराहनीय है। स्कूल में उच्च दर्जे की शिक्षा प्रदान की जा रही है। जो बच्चों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।




## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने कीर्ति, कन्हैया सचिव




**सीतापुर।** अधिवक्ता संघ के हुए प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में जीत हासिल करते हुए कीर्ति गुप्ता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी अधिवक्ता संतोष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ को हराकर यह पद हासिल किया। सचिव पद के लिए कन्हैया गुप्ता ने 22 मतों से अधिवक्ता इमरान इराकी पर जीत हासिल की। इसी तरह वरिष्ठ एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए रामकुमार सिंह एवं हरीश गुप्ता चुने गए। ग्रंथपाल सचिव पद पर साधना किरण टोप्पो ने जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष एवं उप कोषाध्यक्ष पद के लिए जहरु लाल मिंज एवं जवाहर लाल प्रजापति निर्विरोध चुने गए। सहसचिव महिपाल सिंह, क्रीड़ा सचिव रविकांत उपाध्याय समेत कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जुगुलबिहारी पैंकरा, मदन मोहन गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता एवं अख्तर हुसैन निर्विरोध चुने गए।

### प्रतिनिधियों एवं फॉरेस्ट के अधिकारियों ने की पौधरोपण की शुरुआत



**उदयपुर।** संभाग में बीते गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए खाली जगहों पर हरियाली लाने विधायक राजेश अग्रवाल की पहल पर विकासखंड उदयपुर के ग्राम सायर में 16 हजार और मानपुर में 49 हजार पौधे लगाने लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण की शुरुआत प्रतिनिधियों वे फॉरेस्ट के अधिकारियों ने बारिश आने के साथ ही आज शुरुआत की गई। इस दौरान एसडीओ वीरेंद्र ठाकुर, रेंजर मैरी कुजूर, विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, दिव्यांशु गोयल, अभय वर्मा एवं उदयपुर फॉरेस्ट विभाग के सिपाही, कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने चलाया अभियान



**रामानुजनगर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत परसापारा में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित देवल्ला के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां पूर्व में आसपास के लोगों द्वारा कचरा फेंक कर कचरे का ढेर लगा दिया गया था, जिससे लोगों को गन्दगी, बदबू व बीमारी का खतरा बना रहता था। आज साफ़ करने की पहल वार्ड पंच युगेन्द्र कुमार राजवाड़े द्वारा की गई और श्रमदान कर पंच, सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्रही समूह की महिलाएं, ग्रामीण, संकुल समन्वयक, एसडीएम के सहयोग से श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ़ सफाई की गई। श्रमदान कार्यक्रम को देख रहे तुलेश्वर राजवाड़े आ. राजनाथ राजवाड़े ने अपने घर हुए बच्चे का अन्नप्राशन कार्यक्रम के दौरान हुए कचरा को एकत्र कर खुद कचरा रिक्शा में डालने आ गए जिसे देख स्वच्छता दीदियों ने खुशी जाहिर की। साथ ही उसे 100 रूपए का इनाम दिया। साथ ही कभी भी सड़क किनारे खुले में कचरा न फेकने तथा किसी अन्य को भी ऐसा गलत कार्य नहीं करने को लेकर संकल्प लिया गया।

### यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान हो रहे परेशान



**लखनपुर।** किसान खेती के समय पर यूरिया खाद के नहीं मिलने चिंतित है। किसान लगातार आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित कार्यालय लहपटरा, लखनपुर ,कुन्नी में खाद लेने के लिए चक्कर काट रहे हैं। बारिश होने के साथ अब किसान खेती किसानी के कार्य में जुट गए है। समय पर फसल लगा सके इसके लिए अभी से तैयारी करना शुरू कर दिया है। लखनपुर क्षेत्र के कई खाद वितरण समिति में 16 जून से यूरिया खाद नहीं आने से किसान परेशान है। यूरिया खाद जो धान की शुरुआत खेती के फसल में यूरिया सख्त जरूरत होती है लेकिन यूरिया खाद न मिलने से किसान काफी परेशान हताहत है। अपनी फसलों को लेकर जनप्रतिनिधि अधिकारियों के पास गुहार लगाए हैं। बावजूद इसके किसानों को खाद नहीं मिल सकी जिससे किसान आक्रोशित हैं। सहकारी समिति प्रबंधक द्वारा बताया गया कि यूरिया खाद खपत के हिसाब से खाद नहीं मिल पा रहे हैं जिससे परेशानी हो रही है।

### पीएससी कोचिंग हेतु परीक्षा अब होगी 14 को

**अम्बिकापुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राजीव युवा उत्थान योजनांतर्गत छग राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु पात्र अभ्यर्थियों का संभाग स्तर पर प्राक्चयन परीक्षा 30 जून को दोपहर 12 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की गई थी। किंतु उक्त दिवस पर प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड की परीक्षा होने के कारण विभाग द्वारा आयोजित प्राक्चयन परीक्षा की तिथि में संशोधन करते हुए उक्त प्राक्चयन परीक्षा को 14 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

---

### बीती रात हुई घटना, नगर पालिका के अधीन है सड़क

# जिला मुख्यालय के बीच गड्ढों में तब्दील हुआ गौरवपथ, गड्ढे के कारण टूटे ट्रक के पहिए

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर**

**खास बात**
- बाल-बाल बचा चालक

जिले में एनएच के साथ ही नगर के अंदर से होकर गुजरने वाली गौरव पथ भी जर्जर हालत में है। आलम यह है कि गौरव पथ पर जगह जगह गड्ढे हो गए है और लोग इन गड्ढों के कारण दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बीती रात भी एक ट्रक सड़क पर बने गड्ढे के कारण दुर्घटना का शिकार हो गई। गड्ढे के कारण ट्रक का पिछला चक्का टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन भविष्य में इन जानलेवा गड्ढों के कारण कोई भीषण घटना हो सकती है। बताया जा रहा है कि बिलाईगढ़ निवासी द्वारकेश यादव ट्रक क्रमांक सीजी 22 पी 3601 से बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद बिहार जा रहा था। इस दौरान बीती रात 10 बजे जैसे ही ट्रक नगर के बीच गौरव पथ पर जड़निया नाला के समीप पहुंचा सड़क पर बने गड्ढे में भरे पानी के कारण चालक गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा पाया। ट्रक का अगला पहिया गड्ढे में उछलकर बाहर निकल गया लेकिन पिछला चक्का जैसे ही गड्ढे में पड़ा पिछले चक्के के दोनों ओर के टायर निकलकर गिर गए और ट्रक वहीं सड़क पर खड़ा हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को सड़क किनारे किया गया। चालक द्वारकेश यादव के अनुसार वह ढलान में सामान्य गति से वाहन चला रहा था लेकिन उसे गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा और गड्ढे में जाने के कारण ट्रक के दोनों ओर का पहिया टूट गया। बड़ी बात यह है कि उक्त घटना स्थल ब्लैक स्पॉट बन गया है। आए दिन इसी स्थान पर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। दुर्घटना के कारण गौरव पथ के रेलिंग भी टूट गए है।



गड्ढों में तब्दील गौरवपथ।

**पहली बारिश भी नहीं झेल पाई सड़क**

बताया जा रहा है कि नगर पालिका द्वारा बारिश से पहले इस सड़क पर खाना पूर्ति के लिए मिट्टी मुरुम से गड्ढों को भरकर मरम्मत का कार्य किया गया था लेकिन गौरव पथ की सड़क पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। हैरानी की बात तो यह है कि समय रहते बरसात से पूर्व गड्ढों को भरने व सड़क के मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया। महज 3 किमी के गौरव पथ के मरम्मत को लेकर जिले के प्रशासनिक अधिकारी गंभीर नहीं है। गड्ढे के कारण अगर ट्रक का पहिया टूट सकता है तो भविष्य में किसी बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। विदित हो कि एनएच 343 के बीच में शहर से होकर गुजरने वाली 3 किमी की सड़क गौरव पथ के रूप में नगर पालिका के अधीन है।

**कराएंगे मरम्मत**

बारिश के पूर्व गिट्टी मुरुम से सड़क के मरम्मत का कार्य कराया गया था। ज्यादा बारिश के कारण फिर से सड़क खराब हो गई है। बारिश रुकने के बाद सड़क पर बीटी कार्य कराकर मरम्मत कराया जाएगा।

-प्रणव राय, सीएमओ

---



## चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर**

देर रात घर में घुस कर चोरी करने वाले तीन चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई सामान को बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भुवनेश्वरपुर निवासी रामसुभग साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28-29 जून की दरम्यानी रात घर में घुसकर चोरों ने मोबाइल, 3 बोरी महुआ व 1 नग टुल्लू पंप चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति टूल्लू पम्प बेचने के लिए सूरजपुर की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने नारायणपुर के समीप टूल्ल पंप लेकर जा रहे भुनेश्वरपुर निवासी धीरेन्द्र सिंह आ.रामलखन (23 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि वह अपने साथी महेश चौबे उर्फ उमेश आ. सुरेन्द्र कुमार (27 वर्ष) व बैजू कुर्रे आ. रामलखन (34 वर्ष) के साथ मिलकर मोबाईल, महुआ व टूल्लू पंप चोरी कर आपस में बाट लिए है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के 1 मोबाईल, 3 बोरी महुआ, टूल्लू पम्प बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह, सुशील सिंह, हंसराम कनेडिया, आरक्षक अमलेश्वर सिंह, दीपक यादव, कृष्णा साहू व महेन्द्र प्रताप सिंह सक्रिय रहे।

---

## श्रमिक हितैषी मांगों को लेकर एटक ने महाप्रबंधक कार्यालय में दिया धरना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

- 57 सूत्रीय मांगों को लेकर महप्रबंधक के नाम कार्मिक प्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

श्रमिक हितैषी 57 सूत्रीय मांग को लेकर संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने विशाल रैली निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।मंगलवार को संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक कार्यालय से कोल कर्मचारी एवं ठेका मजदूरों ने रैली निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष पहुंचकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य गेट को जामकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में उपस्थित कोल कर्मचारियों एवं ठेका मजदूरों को संबोधित करते हुए एसकेएमएस एटक के केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा ने कहा कि मजदूर वर्ग पर लगातार हमले हो रहे हैं।कर्मचारी व श्रमिकों के अधिकारों पर लगातार कटौती हो रही है।

वर्तमान केंद्र सरकार आउटसोर्सिंग, अस्थाईकरण और ठेकाकरण से देश की तमाम पब्लिक सेक्टर को निजी हाथों में सौंप रही है। मेहनत से हासिल किए गए श्रम अधिकारों को नाकाम करना और चरम मुनाफा कमाना, रखो और निकालो की नीतियों से सार्वजनिक क्षेत्र को समाप्त करने में लगी है। क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने कहा कि क्षेत्र में आईआर सिस्टम बिल्कुल चौपट हो गया है। सीटीओ के नाम पर खदानों को बंद कर कर्मचारियों को सरप्लस करने की साजिश की जा रही है। वर्तमान में रेहर खदान तथा बलरामपुर खदान बंद है। केतकी खदान का उत्पादन ढुलमुल है। क्षेत्र में कर्मचारियों की आवागमन के लिए बस की सुविधा नहीं है। कर्मचारी निवास एवं कॉलोनी की स्थिति जर्जर है। क्षेत्र से लगातार कोयला, लोहा समेत कीमती सामानों की चोरियां हो रही है। अस्पतालों में दवाइयां सहित अन्य सुविधाओं का बेहद अभाव है। कार्यस्थल में कर्मचारियों के लिए सुविधाओं का बेहद अभाव है। रेस्ट शेल्टर जर्जर है, पानी की ठोस व्यवस्था नहीं है। पूर्व में बने एक कैंटीन की हालत गंभीर है। ठेका श्रमिकों का शोषण लगातार हो रहे हैं। एटक संगठन ने आंदोलन करके क्षेत्र के खदान में ठेका श्रमिकों को हाई पावर कमेटी का वेतन भुगतान कराया है, लेकिन कुछ ठेका मजदूर अभी भी ऐसे हैं जिन्हें ठेकेदार द्वारा 400-500 रूपए देकर शेष मजदूरी का बंदरबांट करते हैं, जिसकी लड़ाई जारी है। कामरेड हरगोविंद सिंह, विनोद सिंह, विकास जैन, सजल मित्रा ने भी अपने सम्बोधन में कहा कि काफी समय से आवास आवंटन की बैठक बंद है। कोल कर्मचारियों को आवास आवंटन नहीं हो रहे हैं। वर्दी और यूनिफॉर्म की पात्रता वाले कर्मचारियों को ड्रेस नहीं मिल रहे हैं। । रेस्क्यू विभाग के कर्मचारी जो आपात स्थिति में रहने के बाद भी संडे और पीएच नहीं दिया जाता है। धरना प्रदर्शन के बाद प्रबंधन के अधिकारियों को ज्ञापन लेने आने में काफी विलम्ब होने पर सभी कर्मचारी-ठेका मजदूर महाप्रबंधक कार्यालय के भीतर प्रांगण में प्रवेश कर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक चारुचंद्र नायक को ज्ञापन देकर सभी मांगों का निराकरण किए जानेकी बात कही गई है।धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कोलकर्मी व ठेका श्रमिक उपस्थित थे।



---

## भाजयुमो ने किया राहुल का पुतला दहन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

- संसद में दिए बयान को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

संसद के भीतर सांसद लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच सरगुजा में भाजयुमो द्वारा द्वारा आज बयान के विरोध में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद उनके अंदर की जो भावना है उसको उन्होंने संसद के पटल पर रखा है। हिंदू समाज सर्वदा से ही विश्व कल्याण की सोच रखता है तथा संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानता है लेकिन जिस प्रकार से राहुल गांधी ने समस्त हिंदू समाज तथा भारतीय जनता पार्टी को हिंसक बताते हुए अपमानित करने का प्रयास किया। उनको यह देश कभी सहन नहीं करेगा तथा युवा भी इसको लेकर के आक्रोशित है। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमोघ कश्यप, मनीष दुबे, रविकांत उरांव, जिला महामंत्री संजीव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास शुक्ला चंदन, अनीश सिंह, अकील साय मराबी, नगर अध्यक्ष निशांत सिंह सोलू, जिला मंत्री वीर सोनी, हर्ष जायसवाल, निशांत सिंह गोल्डी, श्रीधर केशरी, अनुराग शुक्ला, दीपक यादव, सौरभ मिश्रा, विकास गुप्ता, हैप्पी सिंह, पिंटी सिंह, रोहित कुशवाहा, मनीष सिंह,लव दुबे, शुभम प्रजापति, प्रिंस चौबे, सक्षम गुप्ता, अविनाश तिवारी, नितिन शर्मा, आर्यन गुप्ता, सीमा कश्यप आदि शामिल थे।

### बयान के विरोध में पुतला दहन



**सूरजपुर।** संसद भवन में सोमवार को कांग्रेस के नेता सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें हिंसक बताया है। राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के विरोध में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अग्रसेन चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी भी किया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उल्टा-पुल्टा बयान बाजी करते हुए हिंदुओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी के विवादित बयान से असह महसूस कर रहे हैं। राहुल गांधी को संसद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, राजेश महलवाला, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, मुकेश गर्ग, राजेश्वर तिवारी, अजय सिंह, संत साहू, सूरज शेट्टी, आलम सिंह आयाम, आशा मिश्रा, वेद प्रकाश सिंह, दुर्गा गुप्ता, यशवंत सिंह, राजेश साहू, सुमित साहू, संस्कार अग्रवाल, देव गुप्ता, शांतनु सिंह चौहान, सनी मिश्रा, विक्की सोनवानी, राजू शर्मा, अनुराग द्विवेदी, किशन देवांगन, कैलाश गुप्ता, सुरेश सोनी, अमन प्रताप सिंह, प्यारे साहू, संजू सोनी, दिलीप साहू, अभय गुप्ता, रंजन सोनी, लाल साय बैगा, बजरंग राजवाड़े, संदीप जायसवाल, सतनारायण गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बजरंग दल ने फूंका पुतला

**रामानुजगंज।** लोकसभा सदन में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को लेकर आज बजरंग दल ने कड़ी निंदा करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन से पूर्व शव यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन के दौरान जिला संयोजक जशु केसरी, प्रखंड संयोजक नयन गुप्ता, नगर संयोजक सुशील मेहरा, नगर सुरक्षा प्रमुख निहाल कश्यप, मिलन प्रमुख आकाश ठाकुर, विद्यार्थी प्रमुख रंजन शर्मा, मितगई खंड संयोजक पप्पू यादव, सूरज पासवान, हर्ष सोनी, ऋषि पासवान, आनंद विश्वकर्मा, निशांत कुमार, आर्यन गुप्ता, वीरेंद्र यादव, शैलेश मरकाम, संदीप ठाकुर, अभिषेक केसरी, आर्यन कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



---

### नशे में धुत युवकों ने देर रात केशवनगर स्थित प्रधानआरक्षक के घर के भीतर घुसकर किया हंगामा

## सड़क पर जन्मदिन मनाने के दौरान प्रधान आरक्षक से भिड़े दर्जन भर युवक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

- तीन नाबालिग किशोर समेत सात युवकों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार,शेष आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश
- सभी आरोपी युवक दतिमा ने निवासी बताए गए हैं

सूरजपुर जिले में बेखौफ हुए अपराधियों के हौसले बेख़ौफ़ होकर बढ़ते जा रहे हैं,आमजनों के साथ आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद अब आदतन बदमाश पुलिस विभाग के कर्मचारियों को भी नहीं बख़्स रहे हैं।

वर्तमान मामला करंजी चौकी क्षेत्र का है जहां एक जुलाई की रात करीब नौ बजे दतिमा चौक में सड़क के बीच में जन्म दिन मना रहे मनचले युवकों को पुलिस कर्मी द्वारा सड़क के किनारे होकर जन्म दिन पार्टी मनाने की सलाह देना नुक़सानदेह हो गया, समझाईश देने की बात सुनकर नशे में धुत्त युवकों ने नाराज़ होकर प्रधानआरक्षक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी,विवाद बढ़ने के दौरान करंजी चौकी की पेट्रोलिंग पार्टी भी मौक़े पर पहुंच गई, पेट्रोलिंग पार्टी ने समझाईश देते हुए मामले को शांत कराकर युवकों को मौक़े से जाने को कहा तत्पश्चात पेट्रोलिंग पार्टी भी वहां से चली गई।

लेकिन मामला इतने में भी शांत नहीं हुआ,बताया जाता है कि युवकों को समझाईश देने वाला पुलिस कर्मी जो करंजी चौकी का प्रधान आरक्षक है वह चौकी का डाक लेकर बिश्रामपुर थाने के लिए निकला था, बदला लेने की नियत से नशे में धुत्त बदमाश युवक दतिमा से उसका पीछा करते हुए पहले आईटीआई कॉलोनी के पास रास्ता रोककर प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह से गाली गलौज करने लगे ,फिर दोबारा से देर रात उसके केशवनगर स्थित आवास पहूंच गए और उसे खोजते हुए घर के भीतर घुस गए ,घर के भीतर विवाद बढ़ता देख प्रधानआरक्षक राजकुमार ने बिश्रामपुर थाना समेत नगर में रहने वाले अपने साथी पुलिसकर्मियों को फोन कर घटना की जानकारी देते हुए उनको मौक़े पर बुला लिया जिसको देख बदमाश युवक मौक़े से फ़रार हो गए। इधर इस गंभीर घटना की जानकारी आईजी व एसपी को मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और पुलिस मौक़े से फ़रार हुए आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई।बताया गया कि मुख्य आरोपी समेत आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैजिनमें से तीन नाबालिग हैं।



बिश्रामपुर पुलिस ने प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह की रिपोर्ट पर दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296, 351(2), 120(2), 115(2), 221, 132, 191(2), 331(6) के तहत नामजद अपराध दर्ज किया है। इनमें से सात आरोपियों को गिरफ़्तार करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है, गिरफ़्तार आरोपियों में तीन नाबालिग किशोर है, पकड़ में आए चार मुख्य आरोपियों में भूषण बघेल ,नंद गोपाल राजवाड़े पिता बिनेश्वर राजवाड़े ,विकेश राजवाड़े पिता खिलानंद राजवाड़े ललित राजवाड़े पिता दिगंबर राजवाड़े निवासी सभी दतिमा के नाम शामिल हैं शेष अन्य आरोपी फरार बताए गए है। बताया गया कि पकड़े गए आरोपी विकेश राजवाड़े निवासी दतिमा का जन्मदिन मनाने के दौरान शराब के नशे में युवकों ने उक्त वारदात को अंजाम दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

---


## बतरा में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को प्रशासनिक जांच दल ने किया सील

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला स्तरीय नर्सिंग होम, औषधि प्रशासन तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत बतरा में स्थित प्रजापति मेडिकल स्टोर में सील बंद करने की कार्रवाही की गई। प्रजापति मेडिकल स्टोर में पूर्व में ही जांच किया गया था। जिसमें संचालक द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन करते हुए अधिक मात्रा में दवाइयां, सिरिंज तथा दवाई की खाली बोतल उपयोग की गई थी। पूर्व में ही अवैध रूप से संचालित क्लीनिक संचालक को समझाइश दी गई थी, इसके बावजूद क्लिनिक संचालक द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। प्रजापति मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन बीएमडब्लू का उल्लंघन करते हुए पाया गया और संयुक्त जांच टीम द्वारा दुकान को सील बंद करने की कार्यवाही की गई।

### प्रवेश नहीं देने पर कलेक्टर व डीईओ से शिकायत

**सूरजपुर।** जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों एवं अशासकीय स्कूलों के छात्रों को प्रवेश नहीं देने एवं परेशान करने के सम्बंध में सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कर ने कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत किया है। साथ ही समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है। दीपक कर ने बताया कि जिले के विभिन स्कूलों में खासकर शासकीय स्कूलों के सम्बंध में शिकायत मिल रही है कि स्कूल वाले अन्य स्कूल से आने वाले छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से एडमिशन नहीं दिया जा रहा है। छात्र-छात्राएं जब एडमिशन के लिए दूसरे स्कूलों में जा रहे है तो वहां के स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें यह कह कर मना कर दे रहे है कि आप जिस स्कूलों में पहले पढ़ाई कर रहे थे वही जाकर पढ़ो।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

लाइफ Style

# देवलीना

## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली है। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।



हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।


## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की माने तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।



# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है, जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।




# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन' से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या' में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या' ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या' ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

## खबर संक्षेप

### जिले में 194.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 2 जुलाई तक 194.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 27.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 231.2 मिली मीटर, पुसौर में 262.3, खरसिया में 142.8, घरघोड़ा में 202.4, तमनार में 122.2, लैलूंगा में 196.9, मुकडेगा में 236.8, धरमजयगढ़ में 135.5, छाल में 194.2 एवं कापू में 222.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### प्रभारी मंत्री सारंगढ ने कलेक्टोरेट में रोपा पौधा



**सारंगढ़।** राजस्व खेल एवं युवा कल्याण तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टोरेट परिसर सारंगढ़ में पौधारोपण किया। इनके साथ साथ विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े, कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल ने भी पौधारोपण किया।

### शिक्षकों के प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का समापन

**तमनार।** विकासखंड स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण द्वितीय चरण में कक्षा चौथी एवं पांचवी पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण कार्यशाला 27 से 30 जून तक आयोजित किया गया। विकासखंड तमनार के 140 शिक्षक को दो जोन बीआरसी भवन व प्राथमिक शाला तमनार में शामिल हुए। बता दें कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कार्यक्रम का उद्देश्य 3 से 8 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को भाषा और गणित की शिक्षा प्रदान करना है। एफएलएन का लक्ष्य 2025-26 तक छोटे बच्चों के समग्र विकास में मदद करना है। जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में बीईओ मोनिका गुप्ता, एबीईओ यू के सिदार, बीआरसी जेपी साहू के मार्गदर्शन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण में हिंदी एवं गणित के चार ब्लॉक के माध्यम से शिक्षक पद्धति को प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर ढंग से मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। हिंदी शिक्षण में मौखिक भाषा का विकास, शब्द पहचान, पठन लेखन एवं गणितीय शिक्षण में मौखिक गणित पर बातचीत मुख्य दक्षता की गणित गतिविधियां, अभ्यास पुस्तिका खेल खेल में गणित आदि ब्लाकों पर विस्तृत रूप से समझाया गया। पाठ योजना किस प्रकार से बनाना है गणितीय और हिंदी शिक्षण के लिए सामूहिक गतिविधियां कराई गई, बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में बच्चे भाषा और गणित के बेहतर स्तर को प्राप्त कर पाएंगे।

## निधन

### श्रीमती सरिता देवी



**रायगढ़।** नगर की प्रतिष्ठित फर्म श्रीराम ऑटो पार्ट्स के संचालक नरेश अग्रवाल मिलूपारा वाले की धर्मपत्नी श्रीमती सरीता देवी अग्रवाल का 2 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे 52 वर्ष की थी। वे अपने पीछे दो पुत्र किशोर अग्रवाल और मुकेश अग्रवाल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा 3 जुलाई को दोपहर 3.30 बजे उनके निवास कोतरा रोड, राजीव नगर, दूध डेरी के पीछे स्थित शिवम विहार कॉलोनी से निकाली गई।

### लक्ष्मण चौहान



**झलमला।** जिले के पुसौर विखं अन्तर्गत ग्राम झलमला निवासी लक्ष्मण चौहान गुरुजी का 03 जुलाई को निधन हो गया। 59 वर्षीय लक्ष्मण चौहान गुरदा गांव के सरकारी माध्यमिक शाला में प्रधान पाठक थे और कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री समेत रोते बिलखते छोड गए। उनके निधन से गांव में शोक व्याप्त है। बुधवार शाम को दिवंगत की अंतिम संस्कार में झलमला समेत आसपास के गांवों के लोग बडी संख्या में शामिल हुए।

## 14 साल पहले अधिग्रहण, अब तक मुआवजा और रोजगार नहीं

# एसईसीएल प्रभावितों की त्रिपक्षीय वार्ता खनन कंपनी और प्रशासन की मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

बीते 2 जुलाई को एसईसीएल बरौद बिजरी के प्रभावित ग्राम कुर्मीभौंना के ग्राम पंचायत भवन में मकान सर्वे को लेकर घरघोड़ा नायब तहसीलदार विकास जिंदल के अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आहूत की गई। जिसमें एसईसीएल के मुख्य प्रबंधक खनन गजभि, ग्राम पंचायत कुर्मीभौंना के सरपंच माधुरी राठिया, उपसरपंच दामोदर बेहरा एवं पंचगणो व ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

गौरतलब है कि करीब 14 वर्ष पहले अधिगृहित बरौद बिजारी एसईसीएल माइंस का विस्तार किया जा रहा है। जिसका 2007 में धारा 4 का प्रकाशन किया गया था एवं 2010 में भूमि अधिग्रहण किया गया है। उक्त प्रभावित क्षेत्र के जमीनों का मुआवजा राशि टिकरा 6 लाख, खार 8 एलाख व दो फसली भूमि का 10 लाख रु प्रति एकड़ के हिसाब से भुगतान किया जाना है। चूँकि कुर्मीभौंना के समस्त जमीनों का सर्वे किया जा चुका है एवं कुर्मीभौंना के बस्ती का सर्वे प्रारम्भ किया जा गया है जिसमे लगभग 33 परिवारों ने अपने घर का सर्वे पूर्ण करा लिया गया है परंतु कुछ ग्रामीणों का कहना है कि जमीन मुआवजा राशि के पूर्व प्रभावित हितग्राहियों को नौकरी मिलनी चाहिए।



त्रिपक्षीय वार्ता में मौजूद एसईसीएल, जिला प्रशासन, उद्योग प्रबंधन व प्रभावित ग्रामीण।

त्रिपक्षीय बैठक में ग्रामीणों ने रोजगार समेत अन्य मांगों को लेकर नायाब तहसीलदार के समक्ष अपनी मांग रखी। नायाब तहसीलदार विकाश जिंदल ने हितग्राहियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की जो भी गाइड लाईन है उस गाइड लाईन के तहत समस्त प्रभावितों को जमीन व पेड़ की उचित मुआवजा राशि प्रत्येक 2 एकड़ भूमि पर एक एसईसीएल में नौकरी, सभी वयस्क हितग्राहियों को पुनर्वास का लाभ दिया जाएगा। साथ ही मुख्य प्रबंधक खनन गजभिए के द्वारा ग्रामीणों को उनकी मुख्य समस्याओं पर फोकस करते हुये नौकरी के लिए आवश्यक मापदंड बताए गए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के एक सदस्य को नौकरी हेतु योग्यता संबंधी किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं होगी किंतु उनकी शारीरिक क्षमता पर तथा सुनाई एवं दिखाई देना आवश्यक बताया।

मुख्य प्रबंधक गजभिए द्वारा बताया गया कि जिन प्रभावित ग्रामीणों का केवल मकान ही है तो उन्हें पुनर्वास के रूप में 3 लाख 70 हजार रुपए प्रति परिवार की पात्रता होगी साथ ही यह भी बताया गया कि जिनके पास जमीन नहीं है उन्हें भी रोजगार मुखी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। पुनर्वास बसाहट के नाम से यदि हितग्राही चाहे तो उन्हें 6.6 डिसमिल जमीन की पात्रता प्रत्येक वयस्क लोगो को होगी। ग्रामीणों का मांग है कि जमीन एवं पेड़ों का सर्वे किया जा चुका है उसका पहला पत्रक तैयार किया जावे तथा मुआवजा राशि दिया जाए साथ ही नौकरी को मुआवजा राशि के पूर्व दिया जाए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पुनर्वास की पात्रता वर्तमान सर्वे दिनांक से 18 वर्ष की उम्र पर ही दिया जावे जिसको लेकर मुख्य प्रबंधक गजभिए द्वारा संभावित समस्त मांगो को पूरा करने की बात कही गई।

# राजस्व प्रकरणों में लेटलतीफी पर नाराज हुए टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी अधिकारियों को कहा कि सभी अधिकारी जिले के विकास के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करें।

सभी नागरिकों का नियम अनुसार कार्य करे। ऐसा काम करें कि आपके रिटायरमेंट के बाद लोग आपके काम की वजह से याद करें। उन्होंने कहा कि राजस्व के 2 मिनट के कार्य को 6 माह तक घुमाने नहीं हो। राजस्व कार्यों में गति लाएं। आगामी 5 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा किया जाएगा, जिसमें सभी राजस्व कार्यों का निराकरण किया जाए। कलेक्टर धर्मेश साहू ने मंत्री वर्मा को बताया कि जिले में पंचायत सचिव के माध्यम से गांव में ग्रामीणों के जितने राजस्व प्रकरण होंगे, उनके माध्यम से तहसीलदार कार्यालय में जमा होंगे, जिसका मॉनिटरिंग कलेक्टर स्तर पर किया जाएगा, जिससे जिले के राजस्व कार्यों के निपटारा शीघ्र होगा। प्रभारी मंत्री वर्मा ने सभी स्कूलों, छात्रावास भवनों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के जर्जर भवनों की सूची मांगी और जो मरम्मत कार्य हो रहे उसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने सड़क, पुल पुलिया जैसे बुनियादी कार्यों को पूरा करने के लिए सभी निर्माण अधिकारियों को निर्देशित किया। श्री वर्मा ने विभागीय योजनाओं नल जल योजना, महतारी वंदन, सौर सुजला योजना, पीएम विश्वकर्मा, मनरेगा, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम उज्ज्वला योजना आदि के जिले की स्थिति की जानकारी ली और प्रगति के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री वर्मा ने स्कूल शिक्षा अधिकारी को जिले में शिक्षकों की रिक्त सूची मांगी। उन्होंने कहा कि अपने स्कूलों को अपडेट करें। स्कूलों तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण का कार्य पीएम ग्रामीण सड़क, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क आदि के माध्यम से किया जाए ताकि पहुंच सुलभ हो। उन्होंने कहा पटवारी कार्यालय के लिए भवन निर्माण कराएं ताकि पटवारी वहां रहकर किसानों का कार्य करें। अवैध प्लाटिंगए बिक्री और नामांतरण पर शीघ्र रोक लगाएं। परिसीमन के मामले में मंत्री वर्मा ने कहा कि वार्ड नहीं बढ़ेगा।

■ यथाशीघ्र प्रकरणों के निराकरण का दिया निर्देश

# एमपी के दो तस्करों से ढाई किलो गांजा बरामद, बाइक जब्त

**रायगढ़।** 02 जुलाई के दोपहर थाना प्रभारी पुसौर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक एमपी नंबर की मोटरसाइकिल पर दो लड़के उड़ीसा से गांजा लेकर मंडला, एमपी जाने निकले हैं।

थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर कार्यवाही के लिए नाकेबंदी पॉइंट लगाया गया। इसी दरमियान नवापारा चौक में नाकेबंदी कर रही पुसौर पुलिस टीम द्वारा लारा की ओर से आ रही एमपी पासिंग मोटरसाइकिल यामहा आर 15 नंबर एमपी 09-क्यूपी-2184 को रोका गया जिसमें दो युवक बैठे हुए थे। मोटरसाइकिल ने अपना नाम प्रिंस कुमार साहू तथा पीछे बैठा युवक अपना नाम नितेश कुमार मिश्रा दोनों निवासी ग्राम कहका थाना निबास जिला मंडला (मध्य प्रदेश) के रहने वाले बताएं। दोनों युवकों को नाकाबंदी के कारणों से अवगत कराते हुए विधिवत उनकी तलाशी ली गई।

■ पुसौर पुलिस की कार्रवाई



पीछे बैठे युवक निलेश कुमार मिश्रा के कब्जे में रखे थैला के भीतर 03 प्लास्टिक की पन्नी में मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसका वजन करने पर कुल 2 किलो 580 ग्राम पाया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अवैध बिक्री के लिए उड़ीसा से गांजा लेकर अपने गांव जाना बताएं। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गंज 2 किलो 580 ग्राम कीमती 25,000 मोटरसाइकिल यामहा आर 15 नंबर एमपी 09-क्यूपी-2184 (80,000) तथा दोनों आरोपियों के 02 नग मोबाइल (15,000) कुल जुमला 1,20,000 की जप्ती कर थाना पुसौर में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 157/2024 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम के लिए मंगाए आवेदन

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवेदन मंगाए गए है। जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत नवीन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व विस्तार, स्व.सहायता समूहों द्वारा स्थापना, किसान उत्पादक संगठन द्वारा स्थापना,सामान्य सुविधा, सामान्य उदभवन केन्द्र स्थापित करने एवं विस्तार हेतु बैंकों से ऋण हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत आवेदन मंगाए गए है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के उद्यमी एवं इकाई प्रतिबंधित सूची में शामिल न हो की पात्रता होगी। इसमें पूंजीगत अनुदान, व्यक्तिगत परियोजना पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अधिकतम 10 लाख रुपये, स्व सहायता समूह पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत निर्धारित है।

# जमा पानी में डेंगू का लार्वा होने की जांच करने पहुंची निगम की टीम

**रायगढ।** शहर के रिहायशी इलाकों में डेंगू का डंक फिर सिर उठाने को तैयार है। बरसात के साथ ही घरों में ठहरे हुए पानी को साफ नहीं करने की वजह से डेंगू लार्वा पनपने लगे हैं। मंगलवार को शिकायत मिलने पर निगम की टीम ढिमरापुर रोड स्थित एक कॉम्पलेक्स में पहुंची। यहां बाजू में कई दिनों से गंदा पानी जमा था। कॉम्पलेक्स के बेसमेंट में भी पानी जमा था जिसमें डेंगू के लार्वा होने की आशंका है। बीते तीन महीनों में शहर में डेंगू के करीब 50 केस सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद शहर की जनता समझने को तैयार ही नहीं है।

लगातार बारिश के कारण घरों की छतों और बाहर में जलजमाव हो गया है। इसकी सफाई नहीं होने से डेंगू मच्छर पनप रहे हैं। कई जगहों पर गंदा पानी जमा हो गया है जिसके कारण मच्छर पैदा हो रहे हैं। शहर में बीमारों की संख्या बढ़ती जा रही है। ढिमरापुर रोड में छाबड़ा सेल्स के बाजू में गुरदीप सिंह वाधवा का निर्माणाधीन कॉम्पलेक्स है। इसके बाजू में गड्ढा नहीं भरा गया जिसके कारण नाली का गंदा पानी यहां जमा हो गया है। इसके आलावा बिल्डिंग के बेसमेंट में पानी जमा हो गया है। यहां रोशनी भी नहीं पहुंचती जिसकी वजह से डेंगू लार्वा पनपने के लिए मुफीद जगह बन गई है।



इसकी शिकायत वार्ड पार्षद संजय देवांगन के अलावा आसपास के दुकानदारों ने भी की। मंगलवार को निगम की टीम वहां पहुंची। पूरे बिल्डिंग का मुआयना किया गया। यहां डेंगू लार्वा पनपने की आशंका जताई गई है। निगम टीमा आब यहां सफाई कराने के लिए कॉम्पलेक्स मालिक से संपर्क कर रही है। हैरानी की बात यह है कि लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े इतने बड़े मामले में भी शहरवासी सतर्क व जागरूक नहीं हैं।

# डॉक्टर्स डे पर जिले के चिकित्सक सम्मानित



**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ.बीके चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ में डॉक्टर दिवस का आयोजन किया गया।

डॉक्टर दिवस डॉक्टरों के अनमोल सेवाओं को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करने का एक खास अवसर है, यह खास दिन डॉक्टरो और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के योगदान का सम्मान करता है साथ ही उनके निरूस्वार्थ भाव से लोगों को ठीक करने, समाज के प्रति डॉक्टरों के समर्पण और योगदान का सम्मान करने हेतु जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त डॉक्टरों को सम्मान करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट किया। डॉक्टर दिवस के अवसर पर वरिष्ठ डॉक्टर डॉ.एच उराव, डॉ एसएस उपाध्याय, डॉ. वायके सिंदे, डॉ. पदमन पटेल, डॉ. आरएन मंडावी, डॉ रूपेन्द्र पटेल जिला स्थानीय कार्यालय रायगढ़ से डॉ.टीजी कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी, डॉ.बीपी पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ केनन डेनियल जिला नोडल अधिकारी आईडीएसपी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, डॉ. राजेश मिश्रा आरएमएनसीएच जिला चिकित्सालय से डॉ उषा किरण भगत, डॉ. सुषमा एक्का, डॉ. मीना पटेल, डॉ.प्रकाश चेतवानी, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ राजकुमार गुप्ता, विखं से डॉ रजनी पटेल, डॉ. दिनेश नायक, डॉ.अशोक अग्रवाल, डॉ.अभिषेक पटेल बीएमओ खरसिया डॉ. सुरेन्द्र कुमार पैंकरा, डॉ हितेश जायसवाल मौजूद रहे।

# 31 जुलाई से पहले अपना आयकर रिटर्न फाइल कर पेनाल्टी से बचें

**रायगढ़।** आयकर रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। समय से पहले आयकर विवरणी दाखिल करने के लिए इन दिनों कर सलाहकार, सीए, एडवोकेट व्यस्त है।

आयकरदाता आयकर विभाग के ई.पोर्टल पर ऑनलाइन भी आइटीआर फाइल कर सकते हैं। नौकरीपेशा या स्व रोजगार वाले व्यक्ति, हिन्दू अविभाजित परिवार, कंपनी या फर्म संचालक भी ऑनलाइन इनकम टैक्स रिटर्न फाइल कर सकते हैं। अभी इनकम टैक्स भरने का फायदा यह होगा कि यदि आपका टीडीएस ज्यादा कटा है तो जल्द आयकर रिफंड मिल जाएगा।

एक्सपर्ट के मुताबिक अपने आयकर की गणना नई एवं पुरानी दोनों स्कीमों के तहत की जा सकती है। जिस स्कीम में कम कर दायित्व आता होए उसके तहत अपनी विवरणी दाखिल की जा सकती है। ऐसे करदाता जिनकी व्यापार से आय हैए वह पुरानी स्कीम में एक बार अंदर जा सकते हैं एवं अंदर जाकर बाहर जा सकते हैं। एक्सपर्ट से सलाह लेकर अपनी स्कीम का चयन किया जा सकता है। 31 जुलाई के पूर्व आयकर विवरणी दाखिल करने पर विवरणी में कोई गलती रह जाती है तो उसको सुधारने का मौका आयकरदाता को मिलता है। साथ ही लेट फीस या पेनाल्टी नहीं भरना पड़ती। साथ ही टैक्स ड्यू के मामले में अतिरिक्त ब्याज भी नहीं देना पड़ता।




### समय से आइटीआर फाइल न करने का नुकसान

यदि निर्धारित समय 31 जुलाई तक आयकरदाता ने अपना रिटर्न फाइल नहीं किया तो 5 लाख की आय इनकम पर 1000 रुपए एवं 5 लाख रुपए से ऊपर की आय पर 5000 रुपए लेट फीस लगेगी। इसके अलावा रिटर्न समय पर नहीं भरने पर यदि आय में नुकसान हुआ है तो अगले साल के मुनाफे में यह नुकसान समायोजित नहीं होगा।

### पोर्टल पर दबाव

31 जुलाई तक आयकर विवरणी फाइल की जा सकती है। अभी जुलाई माह शुरू हुआ है। लेकिन आखिरी तारीखों में रिटर्न फाइल करने पर पोर्टल पर दबाव आ जाता है और कई लोग रिटर्न फाइल करने से चूक जाते हैं। बाद में ऐसे लोगों पर पेनाल्टी का भार आ जाता है।

आरके अग्रवाल,आयकर

# रामपुर-गोवर्धनपुर मार्ग में गड्ढों के भराव के बाद सुगम हुआ यातायात

**रायगढ़।** रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग पिछले दिनों हुई बारिश के कारण मार्ग में कई जगह गड्ढे हो गए थे जिसकी वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों को आवागमन बाधित हो रहा था। जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। ऐसी स्थिति को देखते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मार्ग में गड्ढों को भरते हुए आवागमन को सुचारू करने के निर्देश दिए थे। जिसके पश्चात गड्ढों का भराव कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई गई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीओ पीडब्ल्यूडी मुरारी सिंह नायक ने बताया कि सड़क में गड्ढों में स्लैग का भराव किया गया है। नीचे बड़े स्लैग डाले गए हैं और सड़क को समतल किया जा रहा है। गड्ढों से पानी निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है। जिससे सड़क पर भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। गौरतलब है कि रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में रोजाना सैकड़ों भारी वाहनों, ट्रकों की आवाजाही होती है। इससे इस मार्ग में बारिश के दौरान गड्ढे में वाहनों के फसने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग रही थी। गड्ढों का भराव कर यातायात सुचारू किया गया है। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर निगम के द्वारा प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के तत्काल पश्चात मार्ग का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा।



## टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# स्कूलों और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

स्कूलों में नए सत्र शुरू हो गए हैं। स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव के बाद पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरण का काम पूरा हो जाना चाहिए। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी यह काम सुनिश्चित करेंगे। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज समय सीमा की बैठक के दौरान जिला शिक्षाधिकारी से कही।

उन्होंने साथ ही कहा कि स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों के आयए निवास और जाति प्रमाण पत्र बनाकर उनको देने हैं। इसके लिए एसडीएम और बीएमओ पहल करें। स्कूलों से जानकारी लेकर उसे ऑनलाइन अपडेट करें और सभी बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने का काम सितंबर माह तक पूरा कर लिया जाए। बच्चों की जानकारी प्रदान करने का काम शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फील्ड निरीक्षण के दौरान स्कूलों का भ्रमण भी अवश्य करें। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि अभी बरसात शुरू हुई है। अधिक बारिश होने पर जिले का कुछ हिस्सा बाढ़ से प्रभावित होता है। इसको लेकर सभी संबंधित अधिकारी अलर्ट रहें। जिले में महानदी, केलो और मांड नदी के साथ बांधों के जलस्तर की निगरानी रखते हुए रोजाना रिपोर्टिंग करें। इसमें पिछले सालों के दौरान किस स्तर पर पानी पहुंचने पर बांध से पानी छोड़े जाने को लेकर अपनी तैयारी रखें। इसके लिए जरूरी सूचना तंत्र को भी एक्टिवेट रखने के निर्देश उन्होंने दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को जिले के सभी नगरीय निकायों के आवास निर्माण की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान जल जमाव को लेकर सतर्क रहें। यदि बारिश के दौरान कहीं ऐसी स्थिति बनती है तो तत्काल वहां पानी निकासी की व्यवस्था बनवाएं। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजना अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा देने जिले का टूरिज्म एसेट बैंक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल जिसमें ऐतिहासिक महत्व की इमारतेंए प्राकृतिक व दर्शनीय स्थलों जिससे हार्ड एसेट के साथ यहां के मेले और उत्सव जैसे सॉफ्ट एसेट भी शामिल हैं।



# लोक अदालत के संबंध में अधिवक्ताओं की बैठक

**घरघोड़ा।** प्रधान जिला न्यायाधीश एव अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति अभिषेक शर्मा ने स्थानीय अधिवक्ताओ से बैठक कर आगामी 13 जुलाई को होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में विस्तार से जानकारी दिए।

न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने बताया कि आने वाले 13 जुलाई को सभी राजीनामा योग्य मामलों के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें सिविल और अपराधीकप्रकरणों में राजी नामा योग्य में राजीनामा किया जाएगा। साथ ही आपराधिक मामलेए चेक बाउंस मामले, पारिवारिक विवाद एमोटर दुर्घटना दावा में राजीनामा कर प्रकरण समाप्त करने के लिए लोगों को आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से होने वाले राजीनामा में किसी एक पक्ष की हार जीत नहीं होती अपितु दोनों पक्षों की जीत होती है। लोक अदालत से निराकृत प्रकरणों का बाद में और दोबारा विवाद नहीं रहता है तथा दोनों पक्ष आपस में सामंजय पूर्ण रूप से जीवन जीते हैं। घरघोड़ा स्थित अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय तथा दोनों व्यवहार न्यायालयो में प्रकरणों का निपटारा राजीनामा आधार पर किए जाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं। इस बैठक में व्यवहार न्यायालय की न्यायाधीश भी मौजूद थी।